Literacy for a Billion

Movie: Chori Chori Chupke Chupke
Year: 2001

Song: Deewana hai ye man
Lyricist: Sameer

दीवाना है ये मन
क्यूँ पागल है धड़कन
क्यूँ तुझपे मुझे प्यार आया है
ये मौसम क्यूँ सजे
ये पायल क्यूँ बजे
ये कैसा ख़ुमार छाया है
कोई बता दे
कोई बता दे
कोई बताए ना
ये मैं जानूँ या तू जाने
इस बात को कोई क्या जाने
ओ...
दिल तेरा मेरा दिल
झूमे रे झूमे
दिल तेरा मेरा दिल
झूमे रे झूमे

मैंने तेरी धड़कनों पे सनम
अपनी वफ़ा की कहानी लिखी
मैंने तेरे नाम जान ए जिगर
अपनी हसीं ज़िंदगानी लिखी
ये काजल क्यूँ हँसे
ये नैना क्यूँ झुके
ये कैसा निखार मुझपे आया है
कोई बता दे
कोई बता दे
कोई बताए ना
ये मैं जानूँ या तू जाने
इस बात को कोई क्या जाने
ओ...
दिल तेरा मेरा दिल
झूमे रे झूमे

ओ मेरे रब्बा तेरा शुक्रिया
जो मैंने माँगा मुझे मिल गया
मेरी मोहब्बत असर कर गई
ख़्वाबों का महका चमन खिल गया
ये बँधन क्यूँ बँधे
ये रिश्ते क्यूँ जुड़े
ये मौसम क्या संदेसा लाया है
कोई बता दे
कोई बता दे
कोई बताए ना
ये मैं जानूँ या तू जाने
इस बात को कोई क्या जाने
ओ...
दिल तेरा मेरा दिल
झूमे रे झूमे

Disclaimer: PlanetRead does not own these lyrics and is not using them for any commercial purpose. For over 20 years, PlanetRead has been subtitling Bollywood songs for mass literacy. These lyrics are being offered as part of PlanetRead's literacy development initiative.

PlanetRead is a tax-exempt, not-for-profit: 501(c) (3) in the United States and 80(G) in India.